12 निपुण भारत मिशन के लक्ष्य हासिल करने पर जोर...



11 एसएसपी का सिटी कोतवाली में औचक निरीक्षण



# बेमेतरा पुलिस ने 22 लाख के 120 मोबाइल लौटाकर जीता जनता का भरोसा

## सेंट्रल आइडेंटिटी पोर्टल के विशेष अभियान से लाखों रुपये के मोबाइल वापस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मोबाइल गुम हो जाए तो आम तौर पर लोग उसे भूल ही जाते हैं, लेकिन बेमेतरा पुलिस ने बुधवार को यह धारणा तोड़ दी। सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर पोर्टल के जरिए चलाए गए विशेष अभियान में पुलिस ने जिले भर से 120 गुम मोबाइल बरामद कर उनके असली मालिकों को लौटा दिए।

करीब 22 लाख रुपये कीमत के मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरों पर महीनों बाद मुस्कान लौट आई। यह सफलता पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज राम गोपाल गर्ग के निर्देशन और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के नेतृत्व में मिली । सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का तकनीकी विश्लेषण कर मोबाइलों को अलग-अलग स्थानों से ट्रैक किया गया और रिकवर कर लिया गया। मोबाइल वितरण कार्यक्रम के दौरान माहौल भावुक रहा। कई लोगों ने माना कि मोबाइल गुम होने के बाद उन्होंने उसे पाने की उम्मीद छोड़ दी थी, लेकिन बेमेतरा पुलिस की इस कार्रवाई ने उन्हें चौंका दिया। मोबाइल हाथ में आते ही खुशी साफ झलक रही थी और पुलिस के प्रति भरोसा और गहरा हुआ। एसएसपी रामकृष्ण साहू ने कहा कि मोबाइल गुम या चोरी होने पर लोग तुरंत सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर पोर्टल या नजदीकी थाना व साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराएं।



### तकनीकी दक्षता की सराहना

समय पर सूचना मिलने से मोबाइल को ब्लॉक कर उसकी बरामदगी संभव हो जाती है। उन्होंने नववर्ष 2026 की शुभकामनाएं भी नागरिकों को दीं। मोबाइल स्वामियों ने पुलिस की तत्परता और तकनीकी दक्षता की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्रवाई आम लोगों के लिए बड़ी राहत है। इससे यह संदेश गया है कि पुलिस अब सिर्फ अपराध रोकने तक सीमित नहीं, बल्कि नागरिकों की रोजमर्रा की परेशानियों को भी गंभीरता से हल कर रही है। इस अभियान में डीएसपी (मुख्यालय) राजेश कुमार झा सहित साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा और पूरी साइबर सेल टीम की अहम भूमिका रही, जिनके समन्वित प्रयास से यह बड़ी कामयाबी हासिल हुई।

## खबर संक्षेप

### पिता की स्मृति में नवाचारी शिक्षिका ने बच्चों को दिए उपहार

**साजा।** विकास खण्ड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानो में नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने अपने पिता स्वर्गीय मोतीचंद जी संचेती की स्मृति में कक्षा पहली एवं दूसरी के 28 बच्चों को स्कूल बैग उपहार में दिया। बच्चे बहुत ख़ुश हुए। शिक्षिका कुछ दिनों से देख रही थी कि कुछ बच्चों के पास अच्छे बैग नहीं थे, कुछ के बैग फटे थे तो कुछ के पास बैग ही नहीं थे। अतः दिसंबर माह के पेमेंट से शिक्षिका ने इन बच्चे उपहार प्रदान किया।इसके पहले भी शिक्षिका बच्चों को कॉपी, पेन, स्लेट, पहाड़ा, संकलन पुस्तिका आदि भेंट कर चुकी हैं। उनके अनुसार शाला एवं स्वास्थ्य के लिए हमें हमेशा सहयोग करने के लिए तत्पर रहना चाहिए।अपने जन्मदिन एवं बच्चों के जन्मदिन पर भी शिक्षिका इसी तरह का आयोजन करती हैं।उपहार पाकर बच्चे बहुत ही खुश हुए उन्होंने अपनी ख़ुशी व्यक्त की। समुदाय को भी ऐसे कार्यों से प्रेरणा मिलती है।उन्होंने समुदाय से भी इस तरह के कार्यों एवं सहयोग की अपेक्षा की है ताकि बच्चों एवं शाला का भी सर्वांगीण विकास हो सके।इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य द्वारिका राम वर्मा, माध्यमिक प्रधान पाठक किशुनराम साहू, प्राथमिक प्रधान पाठक उत्तम साहू, अवधराम वर्मा, दीनदयाल वर्मा, कनकलता सरसुधे, प्रतीक जैन एवं समस्त बच्चे उपस्थित रहे।

### स्कूली छात्रों की हुई चेकिंग

**भिलाई।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने केपीएस स्कूल में ट्रैफिक पुलिस ने छात्र-छात्राओं को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी है। साथ ही नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर उनका चालान भी काटा है। ट्रैफिक टीआई पीडी चंद्रा ने बताया कि अभियान के तहत जो वाहन चालक हेलमेट और सीट बेल्ट का पालन कर रहे हैं, उन्हें ट्रैफिक पुलिस द्वारा गुलाब का फूल भेंट कर प्रोत्साहित किया जा रहा है। नगर के बाहर बिना हेलमेट दोपहिया वाहन लेकर पहुंचे स्कूली बच्चों के लाइसेंस भी चेक किए गए हैं। इस तरह का अभियान आगे शहर के अन्य स्कूलों के बाहर भी चलाया जाएगा।

### 27 साल से फरार वारंटी को आरपीएफ ने पकड़ा

**भिलाई।** सत्ताइस साल पुराने मामले में फरार चल रहे वारंटी को आरपीएफ ने गिरफ्तार कर न्यायलय में पेश किया गया। आरपीएफ दुर्ग प्रभारी संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि पुराने केस के स्थायी (पीएनबीडब्लू) वारंट आरोपी को सीहोर मध्य प्रदेश से गिरफ्तार कर जेल भेजा। आरोपी का नाम सिली निकेतन बैरागढ़ भोपाल दिलीप कुमार उमानारे को आरपीएफ ने स्थायी वारंट तामिली अभियान के तहत वरिष्ठ मंडल सुरक्षा द्वारा आरपीएफ ने टीम बनाई थी। दिलीप को स्थाई वारंट की गिरफ्तारी वारण्ट जारी किया गया था।

## जायजा

### स्वास्थ्य व महिला-बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक

# स्वास्थ्य योजनाओं की गतिशीलता के लिए कलेक्टर का रूख सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

### संस्थागत प्रसव, टीकाकरण और एनआरसी की स्थिति सुधार पर हुई चर्चा



जिले में संस्थागत प्रसव, नियमित टीकाकरण और एनआरसी (पोषण पुनर्वास केंद्र) की निराशाजनक स्थिति को लेकर कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने सख्त रुख अपनाया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जमीनी उपलब्धि बढ़ाने के उद्देश्य से उनके निर्देश पर तथा सीएमएचओ डॉ. अमृत लाल रोहलेडर के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा व समन्वय बैठक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खण्डसरा में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. शरद कोहाड़े ने की। बैठक में स्पष्ट किया गया कि गर्भवती महिलाओं, शिशुवती माताओं और बच्चों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं समय पर नहीं पहुंच पाने के कारण प्रमुख कार्यक्रमों की उपलब्धि प्रभावित हो रही है। इसी को सुधारने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाकर शत-प्रतिशत क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए।

नियमित टीकाकरण सत्र को प्रभावी बनाने पर विशेष जोर देते हुए तय किया गया कि सत्र से एक दिन पूर्व ड्यू-लिस्ट तैयार कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन और ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों के माध्यम से हितग्राहियों की काउंसलिंग की जाएगी, ताकि उनकी उपस्थिति सुनिश्चित हो सके। वजन त्यौहार एवं वीएचएसएनडी दिवस पर एमयूएसी टेप से बच्चों की जांच, कुपोषित बच्चों की पहचान और एनआरसी रेफरल के लिए माताओं की काउंसलिंग अनिवार्य रूप से की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर चिरायु वाहनों के उपयोग के निर्देश भी दिए गए।मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य, टीबी सहित अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए सभी विभागीय अमलों को मासिक प्रगति रिपोर्ट के साथ परिणाम प्रस्तुत करने को कहा गया, जिसे सीएमएचओ और जिला कार्यक्रम अधिकारी के माध्यम से भेजा जाएगा।

### कई बिंदुओं पर दिए स्पष्ट निर्देश

बैठक में नियमित टीकाकरण सत्रों का समय सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक, प्रथम त्रैमास में एएनसी पंजीयन, द्वितीय-तृतीय त्रैमास में शत-प्रतिशत एएनसी जांच, संस्थागत प्रसव व पोषणयुक्त आहार हेतु काउंसलिंग, 108-102 एंबुलेंस सेवाओं की जानकारी, ईडीडी वाली गर्भवती महिलाओं की सूची साझा करना तथा रेडी-टू-ईट के सेवन को बढ़ावा देने जैसे बिंदुओं पर स्पष्ट निर्देश दिए गए।

### ये रहे उपस्थित

संयुक्त बैठक में खण्ड चिकित्सा अधिकारी, सीडीपीओ, स्वास्थ्य व महिला-बाल विकास विभाग के सभी सुपरवाइजर, मितानिन कार्यक्रम के विकासखंड समन्वयक, एसपीएस सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशासन का स्पष्ट संदेश है-अब स्वास्थ्य योजनाओं में लापरवाही नहीं, परिणाम ही प्राथमिकता होंगे।

# उधारी विवाद में चाकू से हमला, दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ चखना सेंटर के गले पर वार कर किया घायल

उधार दिए गए रुपये की मांग पर हुए विवाद में चाकू से जानलेवा हमला करने वाले दो आरोपियों को थाना खम्हरिया पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। घटना खम्हरिया बाईपास रोड की है, जहां चखना दुकान संचालक पर हमला किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी रामलोचन साहू (33) निवासी खम्हरिया ने थाना खम्हरिया में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसने तीन वर्ष पूर्व अमर पाल को 4,000 रुपये उधार दिए थे। 4 जनवरी 2026 की रात करीब 8:40 बजे जब वह बाईपास रोड स्थित अमर पाल की चखना दुकान पर उधारी की रकम मांगने पहुंचा, तो आरोपी ने टालमटोल करते हुए देने से इंकार कर दिया। इसी दौरान वाद-विवाद बढ़ गया और अश्लील गाली-गलौज शुरू हो गई। रिपोर्ट के मुताबिक विवाद के दौरान अमर पाल ने जान से मारने की धमकी देते हुए दुकान में रखे सब्जी काटने वाले चाकू को निकाल लिया।

जब प्रार्थी वापस अपनी दुकान जा रहा था, तभी अमर पाल और उसका छोटा भाई भुवन पाल मौके पर पहुंचे। दोनों ने एक राय होकर गाली-गलौज करते हुए प्रार्थी पर हमला कर दिया। भुवन पाल ने चाकू से गले के पास वार कर घायल कर दिया। ▶▶| शेष पेज 11 पर

# प्रदेश के मठ-मंदिरों में मनेगी वैष्णव संत रामानंदाचार्य की जयंती 10 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ धर्म स्तंभ काउंसिल ने जारी की परामर्श एडवाइजरी



संत समाज की बैठक में धर्म स्तंभ काउंसिल ने 10 जनवरी को पूरे प्रदेश में महान वैष्णव संत और भक्ति आंदोलन के प्रखर आचार्य श्रीरामानंदाचार्य की जयंती मनाने के संबंध में आधिकारिक परामर्श जारी किया है। इस अवसर पर प्रदेश के मंदिरों, आश्रमों, वैष्णव संप्रदायों और संत-महंतों से भजन-सत्संग, रामनाम जप, सेवा एवं अन्नदान कार्यक्रम आयोजित करने की अपील की गई है। परामर्श जारी करते हुए निंबार्क संप्रदाय के नागा महंत हरिशंकर दास ने कहा कि संत रामानंदाचार्य भक्ति परंपरा के ऐसे महापुरुष रहे जिन्होंने भक्ति को संस्कृत के सीमित दायरे से निकालकर लोकभाषा और जनजीवन तक पहुँचाया। उन्होंने कहा कि"रामानंदाचार्य की परंपरा वैष्णव भक्ति-योग, शास्त्रीय मर्यादा और लोकआध्यात्मिक चेतना तीनों का संतुलित संगम है। आज आवश्यकता है कि उनके विचारों को शिक्षा, संस्कृति और युवा पीढ़ी से जोड़ा जाए। महंत हरिशंकर दास ने प्रदेश के संत समुदाय से आह्वान किया कि भक्ति-समरसता की इस परंपरा को सामाजिक जागरण और आध्यात्मिक संस्कृति के साथ आगे बढ़ाया जाए। वहीं धर्म स्तंभ काउंसिल द्वारा जारी सूचना में कहा गया कि परंपरागत ऐतिहासिक मतों के अनुसार संत रामानंदाचार्य 14वीं– 15वीं शताब्दी के प्रमुख वैष्णव दार्शनिक और समाज चेतना के महनीय प्रवर्तक रहे। उनके जीवन कार्यों ने भक्ति को जाति-वर्ग की सीमाओं से ऊपर उठाकर समरस एवं मानवतावादी स्वरूप प्रदान किया। काउंसिलिंग ने उल्लेख किया कि रामानंदाचार्य की शिक्षाओं ने उत्तर और मध्य भारत में भक्ति आंदोलन को नई दिशा दी, जहाँ भक्ति केवल साधु-संन्यासियों तक सीमित न रहकर साधारण जनजीवन का आध्यात्मिक आधार बनी। धर्म स्तंभ काउंसिलिंग के सभापति डॉ. सौरव निर्वाणी ने कहा कि पूज्य रामानंदाचार्य की जयंती केवल एक स्मृति दिवस नहीं,बल्कि सनातन,समरसता और लोकभक्ति की जीवंत चेतना है। हमें उनकी परंपरा को सेवा, साधना और सांस्कृतिक जागरण से नए युग में आगे बढ़ाना होगा, यही हमारी सच्ची पुष्पांजलि है।

### युवा पीढ़ी को धरोहर से जोड़ना सबकी जिम्मेदारी

राम जानकी मंदिर, निर्वाणी अखाड़ा के महंत सुरेंद्र दास ने कहा कि रामानंदाचार्य ने भक्ति को वर्ण-व्यवस्था की सीमाओं से मुक्त कर हर व्यक्ति तक पहुँचाया। उनकी जयंती का उत्सव वैराग्य, भक्ति, सेवा और सामाजिक सद्भाव का संकल्प है। युवा पीढ़ी को संत परंपरा की इस धरोहर से जोड़ना हम सबकी जिम्मेदारी है । काउंसिल ने प्रदेश के धार्मिक संस्थानों से अपील की है कि कार्यक्रम सादगी, श्रृद्धा और अनुशासन के साथ आयोजित किए जाएँ ताकि परम संत रामानंदाचार्य जी की विरासत समाज में प्रेरणा का स्रोत बन सके।

# स्थापित सभी सोलर पंपों का नियमित निरीक्षण करें, किसानों को सिंचाई में कोई परेशानी न हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ सौर सुजला योजना की प्रगति की कलेक्टर ने की समीक्षा

कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं की अध्यक्षता में कलेक्टरेट स्थित दिशा सभा कक्ष में सौर सुजला योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना के अंतर्गत जिले में स्थापित सोलर पंपों की वर्तमान स्थिति, उनकी कार्यशीलता, लाभार्थियों को मिल रहे लाभ तथा लंबित प्रकरणों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में स्थापित सभी सोलर पंपों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए, ताकि वे पूर्ण रूप से कार्यशील रहें और किसानों को सिंचाई में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने स्पष्ट कहा कि खराब अथवा बंद पड़े सोलर पंपों की जानकारी तत्काल संकलित कर उनके शीघ्र सुधार की कार्रवाई की जाए।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि जल स्रोत की वास्तविक उपलब्धता का भौतिक सत्यापन किए बिना किसी भी नए सोलर पंप की स्वीकृति न दी जाए। उन्होंने कहा कि सौर सुजला योजना का उद्देश्य किसानों को स्थायी सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना है, इसलिए ▶▶| शेष पेज 11 पर

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव
उपहार वितरण सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि जन्मदिन उत्सव में भाग्यशाली विजेता अपना उपहार 3 जनवरी 2026 से हरिभूमि कार्यालय, जिला कार्यालय या अपने क्षेत्र के अभिकर्ता से प्राप्त कर सकते है। उपहार प्राप्त करने के लिये अपना पहचान पत्र, माह दिसंबर 2025 हरिभूमि अखबार का मासिक बिल साथ लावें।

समय : सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक।

नोट : रविवार के दिन उपहार का वितरण नहीं होगा।

### निजी मोबाइल में सरकारी एप का दबाव अनुचित, साइबर फ्रॉड का खतराः प्रधान पाठक

# वीएसके एप का प्रधान पाठकों ने किया बहिष्कार, डीईओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



शिक्षा विभाग द्वारा ऑनलाइन उपस्थिति के लिए लागू किए गए वीएसके एप का प्रधान पाठकों ने विरोध करते हुए इसका बहिष्कार किया है। छत्तीसगढ़ हेडमास्टर वेलफेयर एसोसिएशन के नेतृत्व में प्रधान पाठकों ने जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा को ज्ञापन सौंपकर शिक्षा मंत्री एवं शिक्षा सचिव को अपनी आपत्तियों से अवगत कराया।

प्रधान पाठकों का कहना है कि वीएसके एप डाउनलोड करने पर लोकेशन, गैलरी व वीडियो जैसी निजी अनुमतियां मांगी जा रही हैं। यह एप शिक्षकों के निजी मोबाइल फोन में उपयोग किया जाना है, जिसमें बैंक डिटेल, आधार व पैन जैसी संवेदनशील जानकारियां सुरक्षित रहती हैं। ऐसे में निजता के उल्लंघन और साइबर फ्रॉड की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। यदि किसी शिक्षक के साथ वित्तीय धोखाधड़ी होती है, तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा—यह बड़ा सवाल है।

**सरकारी एप के उपयोग के लिए दबाव डालना अनुचितः प्रधान पाठकः** प्रधान पाठकों ने स्पष्ट किया कि मोबाइल शिक्षकों की निजी संपत्ति है, जिसे खरीदने व रिचार्ज कराने का खर्च वे स्वयं वहन करते हैं। निजी मोबाइल में सरकारी एप के उपयोग के लिए दबाव डालना अनुचित है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि वे ऑनलाइन अटेंडेंस के विरोधी नहीं हैं, बशर्ते विभाग इसके लिए बायोमेट्रिक डिवाइस और इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराए या शासन अपने खर्च से शालाओं को मोबाइल फोन व इंटरनेट की व्यवस्था करे। प्रदेश अध्यक्ष कमलेश सिंह बिसेन ने बताया कि बेमेतरा सहित प्रदेश के कई जिलों में ज्ञापन कार्यक्रम चल रहा है। यदि इसके बाद भी विभाग नहीं चेता तो धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। किसी भी शिक्षक को दबावपूर्वक एप डाउनलोड करने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा। साथ ही सरकार से शिक्षकों की चिंताओं का समाधान कर पारदर्शी व सुरक्षित व्यवस्था बनाने की मांग की गई।

### ये रहे उपस्थित

ज्ञापन कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष कमलेश सिंह बिसेन, प्रदेश सचिव त्रिभुवन वैष्णव, महिला मोर्चा प्रभारी किरण राजपूत, जिला सचिव चंद्रशेखर तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष अनिल जांगड़े सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व प्रधान पाठक उपस्थित रहे।

# रेल परियोजना के अधिग्रहण को लेकर किसानों ने खोला मोर्चा

## खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा रेल परियोजना को लेकर 18 जनवरी को बैठक में बनेगी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की प्रस्तावित खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा रेल परियोजना के विरोध में प्रभावित किसान लामबंद हो गए हैं। जिला प्रशासन और रेलवे अधिकारियों द्वारा खेतों में किए जा रहे भूमि सर्वे और चिन्हांकन की कार्यवाही पर किसानों ने गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए इसे तानाशाही करार दिया है।

किसानों का आरोप है कि प्रशासन द्वारा बिना किसी लिखित सहमति, उचित मुआवजा निर्धारण या पुनर्वास योजना के उन पर भूमि चिन्हांकन के लिए दबाव बनाया जा रहा है। 20 अगस्त 2025 को जिला प्रशासन द्वारा जारी एक आदेश के तहत ग्राम करगाडीह, पाउवारा, भानपुरी, बिरेझर बोरिगरका, चांदखुरी, चांगोरी, घुघसिडीह और खोपली की कृषि योग्य भूमि की खरीदी-बिक्री, खाता विभाजन और व्यपवर्तन पर अस्थायी रोक लगा दी गई है। किसानों का कहना है कि इस आदेश की आड़ में अब कलेक्टर दुर्ग के अधीनस्थ अधिकारी खेतों में जबरन घुसकर सर्वे करने की कोशिश कर रहे हैं।

### लिखित आश्वासन और मुआवजा निर्धारण पर अड़े किसान

इस मामले को लेकर किसानों ने बैठक की, जिसमें कहा गया कि प्रशासन लिखित आश्वासन दे, मुआवजा का निर्धारण करे। भुगतान और पुनर्वास की जानकारी लिखित रूप में दी जाए। प्रभावित परिवारों के सदस्यों के लिए रेलवे में स्थायी रोजगार की स्पष्ट नीति बने। विधिवत अधिसूचना और सहमति तक भूमि पर लगी सभी जैसे(बोरवेल, घर, पेड़, कुआ,बाड़ी)आदि सर्वे कार्य पर तत्काल रोक लगाई जाए। प्रक्रिया भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 के तहत हो।



### नियम-कायदों का किया जा रहा उल्लंघन, बर्दाश्त नहीं

किसान नेता ढालेश साहू ने कहा कि बिना किसानों की लिखित सहमति और मुआवजा तय किए सर्वे व चिन्हांकन कराना संविधान के अनुच्छेद 300-ए और भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 का खुला उल्लंघन है। जमीन किसानों की आजीविका है और कानूनन प्रक्रिया पूरी किए बिना किसी भी तरह का दबाव स्वीकार नहीं किया जाएगा। यह हमारे जीवन एवं आजीविका के अधिकार (अनुच्छेद 21) पर भी हमला है। जब तक प्रशासन हमारी जायज मांगें पूरी नहीं करता, हम एक इंच जमीन भी नहीं देंगे। 18 जनवरी को किसान मजदूर अधिकार सभा आयोजित ग्राम चंदखुरी में सामूहिक मजबूत निर्णय लिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### विधानसभा के विकास कार्यों के लिए 57.30 लाख रुपए की स्वीकृति

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए जिले के दो प्रमुख विधानसभा क्षेत्रों के लिए कुल 57.30 लाख रूपए से अधिक की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित इन कार्यों के लिए वर्ष 2025-26 के आबंटन से राशि जारी की गई है। इस स्वीकृति के तहत दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 29.97 लाख रूपए और दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में विकास के लिए 27.33 लाख रूपए का प्रावधान किया गया है। इन कार्यों के संपादन के लिए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दुर्ग और जनपद पंचायत दुर्ग को क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त किया गया है।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला 12 को

दुर्ग। आदर्श शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, जीई रोड पावरहाउस भिलाई में 12 जनवरी को सुबह 10 बजे से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला (पीएमएनएएम) का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला विभिन्न प्रतिष्ठित उद्योगों एवं कंपनियों में अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध कराने के लिए आयोजित किया जा रहा है। इस मेले में 10वीं, 12वीं एवं आईटीआई उत्तीर्ण इच्छुक अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। अभ्यर्थियों को अपनी मार्कशीट, प्रमाण पत्र, रिज्यूम, आधार कार्ड सहित सभी आवश्यक दस्तावेज साथ लाने के लिए कहा गया है। आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भिलाई से प्राप्त जानकारी अनुसार उद्योग, प्रतिष्ठान वासलोह बीके कास्टिंग लिमिटेड लाइट इंडस्ट्रियल एरिया भिलाई के लिए मैकेनिस्ट, फाउंड्रीमैन, इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर व फीटर, आत्मनिर्भर रेसिडेंशियल कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड भिलाई के लिए ऑफिस आपरेशन, विष्णु केमिकल लिमिटेड लाइट इंडस्ट्रियल एरिया भिलाई के लिए फिटर व इलेक्ट्रीशियन, एक्मे आटोमेशन प्राईवेट लिमिटेड में इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर, फीटर व कारपेंटर, सिम्प्लेक्स कास्टिंग्स लिमिटेड आदि के लिए सभी ट्रेड के अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं।

## बिजली कंपनी का प्लान : दुर्ग जिले को मिलेंगे 8 नए सब स्टेशन

# 385 करोड़ से बिछेगा सब स्टेशनों का जाल, लो वोल्टेज से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिले में निर्बाध बिजली आपूर्ति और लो वोल्टेज की समस्या से निपटने के लिये राज्य सरकार और विद्युत विभाग ने मास्टर प्लान तैयार कर लिया है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 385.39 करोड़ रूपये की लागत से नये सबस्टेशनों का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। इस भारी निवेश से न केवल शहरी क्षेत्रों बल्कि ग्रामीण और औद्योगिक इलाकों में भी बिजली की तस्वीर पूरी तरह बदल जायेगी।

विद्युत क्षमता बढ़ाने के लिए जिले में अलग-अलग क्षमता के सबस्टेशनों का निर्माण किया जा रहा है। सबसे बड़ा निवेश अहिवारा और कुम्हारी क्षेत्र में हो रहा है। अहिवारा में 86.11 करोड़ और कुम्हारी में 86.70 करोड़ तथा लिटिया में 61.54 करोड़ रुपए की लागत से 220 केव्ही क्षमता के अतिरिक्त उच्च दाब सबस्टेशन बनाये जा रहे हैं। इनसे बड़े औद्योगिक क्षेत्रों और आस-पास के दर्जनों गांवों को फायदा होगा। अहिवारा सबस्टेशन से अहिवारा सहित गोढ़ी, मोहंदी, नंदनी पथरिया, बीएसपी माइन्स, नंदिनी, गिरहोला सबस्टेशनों एवं आसपास के क्षेत्र तथा कुम्हारी में सबस्टेशन बनने से कुम्हारी सहित, ढाबा, खारुन ग्रीन एवं चरोदा सबस्टेशनों सहित आसपास के क्षेत्रों को फायदा मिलेगा।

### आईआईटी भिलाई, पाटन, जामगांव में बनेंगे सब स्टेशन





### 15 वर्षों की मांग को ध्यान में रखकर इंफ्रास्ट्रक्चर किया जा रहा तैयार

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय खण्डेलवाल ने कहा की इन परियोजनाओं के पूर्ण होते ही दुर्ग जिला प्रदेश के सबसे मजबूत विद्युत ग्रिड वाले जिलों में शुमार हो जायेगा। आने वाले 10 से 15 वर्षों की संभावित मांग को ध्यान में रखकर यह इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जा रहा है।

### यहां तैयार हो रहा सबस्टेशन

जामगांव आर में 45.40 करोड़ रुपए, अण्डा में 54.42 करोड़ रुपए और आईआईटी जेवरा सिरसा में 44.98 करोड़ रूपये कुल 144.80 करोड़ की लागत से उच्चदाब 132/33 केव्ही सबस्टेशन तैयार किये जा रहे हैं। आईआईटी जेवरा सिरसा में सबस्टेशन बनने से शैक्षणिक परिसर, जेवरा सिरसा एवं आसपास के क्षेत्र तथा जामगांव आर सबस्टेशन से दक्षिण पाटन क्षेत्र को भी लाभ मिलेगा। ग्रामीण क्षेत्र में बिजली व्यवस्था सुधारने के लिये ग्राम माटरा में 2.95 करोड़ एवं ग्रीन वैली भिलाई में 3.29 करोड़ रुपए की लागत से 33/11 केव्ही सबस्टेशनों का निर्माण किया जा रहा है।

### ट्रांसफार्मरों पर लोड होगा कम

नये सबस्टेशनों के बनने से ट्रांसफार्मरों पर लोड कम होगा और उपभोक्ताओं को समुचित वोल्टेज के साथ बिजली मिलेगी। फॉल्ट होने की स्थिति में अब वैकल्पिक लाईनों से सप्लाई तुरंत बहाल की जा सकेगी। अहिवारा और कुम्हारी जैसे क्षेत्रों में उद्योगों के साथ-साथ कृषकों की बिजली की मांग पूरी होगी, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। जेवरा सिरसा क्षेत्र में सबस्टेशन बनने से शिक्षा और शोध कार्यों में बिजली की बाधा दूर होगीस जिससे छात्रों को बड़ी राहत मिलेगी।

# कातुलबोर्ड में 1 करोड़ की लागत से 15 जगहों पर बन रही सड़कें



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने मंगलवार को वार्ड 59 कातुलबोर्ड का भ्रमण कर क्षेत्र की जनता से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने वार्डवासियों की समस्याएं सुनीं तथा विकास से जुड़ी आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा की।

■ मंत्री ने किया जनता से संवाद, सुनी समस्याएं

वार्ड 59 भ्रमण के दौरान वार्डवासियों ने क्षेत्र में सीमेंटीकरण सड़क एवं नाली निर्माण की मांग करते हुए खराब सड़क के कारण आवागमन में आ रही समस्याओ की जानकारी दिए थे, जिस पर मंत्री गजेन्द्र यादव ने नागरिकों की मांग को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को शीघ्र इस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए और वार्ड में आवागमन को बेहतर बनाने 01 करोड़ की राशि की स्वीकृति कराये और यादव पारा, लोहार पारा, हरि नगर, रजत होम्स गली 1, मुस्कान पैलेस के सामने, हैरिटेज स्कूल सहित 15 स्थान पर सीमेंटीकरण सड़क निर्माण किया जा रहा है जो जल्द ही पूर्ण हो जाएगा। शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में दुर्ग शहर को विकसित बनाने हेतु निरंतर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। शासन की प्राथमिकता है कि विकास कार्य जनआवश्यकताओं के अनुरूप हों और उनका लाभ सीधे आम नागरिकों तक पहुंचे।

उन्होंने आगे कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में जनता से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना सरकार की कार्यशैली का अहम हिस्सा है। वार्ड 59 कातुलबोर्ड के विकास के लिए सभी आवश्यक कार्य चरणबद्ध तरीके से कराए जाएंगे। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, द्वारिका यादव सहित वार्ड के अनेक गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# पीएम आवास के 24 हितग्राहियों को तोहफ़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में तैयार आवास गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए बड़ी राहत बनकर सामने आ रहे हैं। गणपति विहार, सरस्वती नगर और मां कर्मा बोरसी साइट पर तैयार फ्लैटों का आवंटन लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया गया, जिसमें कुल 24 हितग्राहियों का चयन किया गया। इन आवासों की बड़ी विशेषता यह है कि मात्र 3.30 लाख रुपये में पक्का, सुंदर और सुरक्षित घर उपलब्ध कराया जा रहा है।

■ योजना का उद्देश्य जरूरतमंदों को पक्की छत उपलब्ध कराना

लगभग प्रत्येक माह प्राप्त आवेदनों की लॉटरी निकाली जाती है, जिससे पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी बनी रहती है। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार, आयुक्त सुमित अग्रवाल, लोककर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर और सहायक अभियंता संजय ठाकुर मौजूद रहे। खुली लॉटरी में हितग्राहियों ने स्वयं अपनी पर्ची निकालकर फ्लैट का चयन किया।



लॉटरी के बाद महापौर ने कहा कि योजना का उद्देश्य हर जरूरतमंद को पक्की छत उपलब्ध कराना है और निगम प्रशासन पूरी निष्ठा से कार्य कर रहा है। महापौर अलका बाघमार व आयुक्त सुमित अग्रवाल ने बताया कि आने वाले महीनों में भी और पात्र हितग्राहियों के लिए लॉटरी जारी रहेगी। सम्पूर्ण राशि जमा करने के बाद हितग्राहियों को आधिपत्य (कब्जा) पत्र प्रदान किया जाएगा।

# कॉलेज में नो हेलमेट नो एंट्री अभियान की शुरुआत, छात्रों को किया जागरूक

दुर्ग। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने नो हेलमेट नो एंट्री अभियान की विधिवत शुरुआत की गई है। इस अभियान के अंतर्गत बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन से महाविद्यालय परिसर में प्रवेश पूर्णतः वर्जित किया गया है।



उल्लेखनीय है कि 1 से 31 जनवरी तक आयोजित सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह के निर्देशानुसार यह अभियान प्रारंभ किया गया है। अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा हेलमेट उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

इस क्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनकर ही दोपहिया वाहन चलाने एवं महाविद्यालय में प्रवेश करने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रतिदिन महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर चेकिंग व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा सभी से सड़क सुरक्षा नियमों के पालन में सहयोग की अपील की गई है।

# महापौर ने वार्ड-19 का किया निरीक्षण

दुर्ग। नगर निगम महापौर अलका बाघमार ने सुबह आयुक्त सुमित अग्रवाल एवं एमआईसी देव नारायण चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, वार्ड पार्षद रंजीता पाटिल, सुरूचि उमरे, अरुण सिंह, मंडल अध्यक्ष मनमोहन शर्मा और उपअभियन्ता पंकज साहू,स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, कर्मशाला अधीक्षक शोएब अहमद, अतिक्रमण विभाग चंदन शर्मा सहित अमला की टीम के साथ शहर के पटरी पार वार्ड क्रमांक 19 तितुरडीह क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। तड़के सुबह शुरू हुए इस निरीक्षण के दौरान महापौर ने सड़क, नालियों,तथा गलियों में घूमकर साफ-सफाई की वास्तविक स्थिति देखी। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर गंदगी, कचरा एकत्र होने और समय पर उठाव न होने नालियों सफाई न होने की शिकायतें मिलीं। इस पर महापौर अलका बाघमार व आयुक्त सुमित अग्रवाल ने नागरिकों से उनकी समस्या से रूबरू होकर संबंधित अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई करने और निर्धारित समय पर सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# विधायक और महापौर ने 49.61 लाख के सड़क डामरीकरण का किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 20 में विकास कार्यों को नया विस्तार देते हुए 49.61 लाख रूपये का सड़क डामरीकरण कार्य का भूमि पूजन हुआ। इस परियोजना के लिए मेसर्स टार कारपेट प्राइवेट लिमिटेड को कार्य आदेश किया गया है। वार्ड 20 शिव मंदिर से विजय तिवारी निवास के सामने तक, सिंधु भवन के सामने एवं त्रिकोणा पार्क के तीनों ओर की सड़कों का डामरीकरण किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्य रूप से वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन एवं महापौर नीरज पाल उपस्थित रहे। अतिथियों ने कुदाल चलाकर एवं श्रीफल फोड़कर कार्य का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में स्थानीय पार्षद स्मिता डोडके एवं अभिषेक मिश्रा विशेष रूप से मौजूद रहे।

## उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बीजेपी कार्यालय में ली बैठक

# मनरेगा से बेहतर है विकसित भारत जी राम जी योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा मंगलवार की सुबह अचानक बीजेपी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण विकास के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम 2025 लाया गया है, जो देश के गांवों को विकसित बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

यह अधिनियम किसानों, मजदूरों और गरीबों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने याद दिलाया कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद प्रधानमंत्री ने संसद में अपने पहले भाषण में ही स्पष्ट किया था कि उनकी सरकार गरीबों के नाम समर्पित रहेगी और उसी भावना के अनुरूप घर-घर बिजली, शौचालय, आवास और जनधन खाते जैसी ऐतिहासिक योजनाएं लागू की गईं। इस अवसर पर मंत्री गजेंद्र यादव, अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, पुरुषोत्तम देवांगन, विधायक ललित चंद्राकर, डोमन लाल कौर्सेवाड़ा, जितेंद्र वर्मा, महापौर अलका बाघमार, शिव चंद्राकर, सहकारी बैंक अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, राजा महोबिया मौजूद थे।

### अधिनियम अधिक उन्नत और प्रभावी साबित होगा

उन्होंने कहा कि विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम मनरेगा योजना का उन्नत और अधिक प्रभावी रूप है और कई मायनों में इससे बेहतर है। मनरेगा में जहां 100 दिनों का रोजगार मिलता था, वहीं अब इस अधिनियम के तहत ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के सुनिश्चित रोजगार की कानूनी गारंटी मिलेगी। इससे मजदूरों की आमदनी में स्वाभाविक रूप से बढ़ोतरी होगी। मजदूरी भुगतान अब सात दिनों के भीतर किया जाएगा। यदि निर्धारित समय सीमा में भुगतान नहीं होता है तो विलंबित भुगतान पर अतिरिक्त राशि मजदूर को दी जाएगी, जिसे मजदूरी पर ब्याज की तरह माना जा सकता है। इससे मजदूरों को न्याय मिलेगा और भुगतान में देरी जैसी पुरानी समस्याओं का समाधान होगा।




### बुवाई व कटाई के समय कार्य रोके जा सकेंगे

उन्होंने कहा कि खेती-किसानी के कार्यों को सुरक्षित रखने के लिए भी अधिनियम में महत्वपूर्ण प्रावधान किया गया है। बुवाई और कटाई के समय 60 दिनों तक कार्य रोके जा सकेंगे, ताकि किसानों को पर्याप्त मजदूर उपलब्ध हों और कृषि गतिविधियाँ प्रभावित न हों। इससे ग्रामीण पलायन भी रुकेगा और कृषि उत्पादन को स्थिरता मिलेगी। मनरेगा में पहले फर्जी मास्टर रोल, मशीनों के उपयोग और धांधली की शिकायतें मिलती थीं, जिन्हें यह नया अधिनियम स्वतः समाप्त करेगा। पारदर्शिता बढ़ेगी और वास्तविक मजदूरों को सीधे लाभ मिलेगा। यह अधिनियम ग्रामीण विकास में क्रांतिकारी परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करेगा।

### जल संरक्षण, नदी-नालों के संवर्धन, कटाव रोकने में होगा सहायक

उन्होंने कहा कि विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम के अंतर्गत चार प्रमुख क्षेत्रों पर विशेष फोकस किया जाएगा। जल सुरक्षा, ग्रामीण अधोसंरचना, आपदा सुरक्षा और आजीविका संवर्धन। जल संरक्षण, नदी-नालों के सुधार, कटाव रोकने तथा सिंचाई संरचनाओं के विकास जैसे कार्य प्राथमिकता से कराए जाएंगे। अधिनियम के माध्यम से कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और कौशल विकास जैसी गतिविधियों को भी मजबूती मिलेगी। ग्रामीण स्तर पर रोजगार एवं सतत आय के नए अवसर सृजित होंगे।

# निक्षय पोषण मित्र अभियान, बीएसपी ने की टीबी रोगियों को पोषण सहायता



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) इकाई एम्स रायपुर द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र के सहयोग से एम्स रायपुर के सभागार में फूड बास्केट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीएसपी ने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत इस कार्यक्रम के लिए 5 लाख रुपये का योगदान प्रदान किया। इस अवसर पर बीएसपी के ईडी अजय कुमार चक्रवर्ती ने बीएसपी के योगदान व साझेदारियों को समाज के लिऐ आवश्यक बताया। कार्यक्रम में जेएलएन हास्पिटल के श्वसन रोग विभाग के प्रतिनिधि एवं एनटीईपी कोर कमेटी के नोडल अधिकारी डॉ. अतुल सी. अंजन ने भाग लिया।

## खबर संक्षेप

### फक्कीटोला में मड़ई आज

**डोंगरगढ़।** ग्राम फक्कीटोला अण्डी में कल 8 जनवरी को मंडई का आयोजन रखा गया है। रात्रि में छत्तीसगढ़ी गंगा मैया नाच पार्टी ढूंढेरा का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी ग्राम के नीलकंठ निषाद, संतोष साहू, प्रेमलाल साहू ने दी।

### वनांचल में कड़ाके की ठंड

**सड़क अतरिया।** वनांचल में इन दिनों शीत लहर का प्रभाव देखने मिल रहा है। लोग सुबह से शाम तक ठंड का अनुभव कर रहे हैं। सुबह होते ही लोग तेज ठिठुरन में अलाव का सहारा लेते नजर आते हैं। गांव की गलियों, मोहल्लों और चौक में लोग ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा ले रहे है। वनांचल में तापमान कम होने से सुबह ओश की बुंद बर्फ की चादर की तरह बिछ रही है। क्षेत्र के लोग खुन जमा देनी वाली ठंड का एहसास कर रहें हैं। दिन भर शीतल हवा चलने से लोग गर्म कपडे का उपयोग कर रहे हैं। कड़ाके की ठंड में सर्दी, जुकाम के मरीज बढ़ रहे है। वही कुछ लोग घुमने जा रहे हैं।

### मनाय गया श्रमिक दिवस

**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत सड़क अतरिया में बुधवार को श्रमिक दिवस मनाया गया। इस मौके पर श्रमिकों को जी राम जी की जानकारी दिया गया। श्रमिकों को बताया गया कि रोजगार गारंटी योजना पहले से अधिक प्रभावशाली हो गई है। अब समय पर रोजगार और भुगतान प्राप्त होगा।

### सप्तशक्ति कार्यक्रम का आयोजन

**एलबी नगर।** सरस्वती शिशु मंदिर रामाटोला में सप्तशक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता खिलेश्वरी साहू, विशेष अतिथि रामभाई वर्मा थे। कार्यक्रम में हीरापुर, मोतीपुर, मानिकपुर, रामाटोला की महिलाएं शामिल हुई। संचालन हेमा वर्मा, संजना साहू एवं उमा कंवर ने किया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना किया गया। मुख्य वक्ता ने माता कौशल्या, सीता, अरुंधति एवं वीर शिवाजी का जिक्र करते हुए घर को आदर्श बनाने के बारे में विस्तार से बताया।

### पटेवा में हिन्दू सम्मेलन 12 को

**पटेवा।** ग्राम में आगामी 12 जनवरी को 11 बजे से हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया है। सम्मेलन की तैयारी में सर्व हिन्दू समाज जुटा है। सम्मेलन के मुख्य वक्ता अभय बाजपेई, मुख्य अतिथि सीएमएचओ डां नेतराम नवरतन, वक्ता विजय साहेब, चैनदास जंघेल, डां इन्दुमती मिश्रा होगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संयोजक विनोद बारले, सचिव रमेश वर्मा, ढालसिंग साहू, प्रमोद दुबे, नरेंद्र वर्मा, अजय ठाकुर, जितेन्द्र गायकवाड़, राकेश साहू, रामदास कोसरे, ललित साहू, जनक साहू, अक्षय पटेल, केदारनाथ साहू जुटे हैं। कार्यक्रम अंतर्गत 11 जनवरी को मोटर बाइक रैली का आयोजन किया गया है जो भैसातरा मंडल,घुमका मंडल, पटेवा मंडल के गांवों का भ्रमण कर कार्यक्रम स्थल पहुंचेगी।

### हार्ट रोग विशेषज्ञ का जोशीला स्वागत

**डोंगरगढ़।** होप हार्ट हॉस्पिटल गोंदिया के प्रसिद्ध हार्ट रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रमेश गायध के नगर पहुंचने पर हेल्थ केयर पॉली क्लिनिक के स्टाफ एवं आयोजन समिति के सदस्य डॉ अश्वनी देवांगन, नलिनी मेश्राम, एसजी मेश्राम, डॉ नरेंद्र मेश्राम आदि ने जोशीला स्वागत किया। डां गायध ने शिविर में मोटापा, बीपी, शुगर, हार्ट के मरीजों की जांच कर उचित मार्गदर्शन दिया।

### वी क्लब ने वृद्धों के साथ मनाया नववर्ष

**डोंगरगढ़।** बछेराभाटा स्थित जीवन आनंद वृद्ध आश्रम में वरिष्ठ नागरिकों के साथ एसोसिएशन ऑफ ली क्लब आफ इंडिया ली डिस्ट्रिक्ट 323-3 अपराजिता की वी क्लब की टीम जिसमें वी माधुरी पांडा एरिया एडवाइजर, उषा किरण शाह एरिया ऑफिसर, भावना सिंह अध्यक्ष, ममता साहू सचिव, कीर्ति मिश्रा कोषाध्यक्ष, भारती मिश्रा चेयरपर्सन वृद्धजन सेवा कैरोलाइन लक्ष्मी देवांगन, लावण्या स्वामी शामिल थी ने नववर्ष मनाया।

---

### युवाओं में सेवा, अनुशासन और सामाजिक दायित्व की भावना विकसित करने पर जोर

# मौहाभाठा में 7 दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का किया गया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मौहाभाठा में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) विशेष शिविर का शुभारंभ 6 जनवरी 2026 को गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। शिविर का उद्देश्य युवाओं में सामाजिक चेतना, सेवा भावना एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। शिविर के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम मौहाभाठा के सरपंच दीपक साहू रहे।

वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में दिनेश कुमार धुर्वे वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी साजा, कमल नारायण मिश्रा सहायक शिक्षक मौहाभाठा, विनय कुमार शर्मा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. एल. के. रामटेके, अधिष्ठाता, कु. दे. ची. कृ. महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, साजा द्वारा की गई। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि एनएसएस शिविर युवाओं के सर्वांगीण



व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है। यह न केवल स्वयंसेवकों को अनुशासित और जिम्मेदार नागरिक बनाता है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक जागरूकता को भी बढ़ावा देता है। मुख्य अतिथि श्री दीपक साहू ने अपने संबोधन में कहा कि युवा समाज की सबसे बड़ी शक्ति हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे इस सात दिवसीय शिविर के दौरान स्वच्छता अभियान, शिक्षा प्रसार एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यों को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करें। उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर पर ऐसे शिविर समाज को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गोविंद प्रसाद ने शिविर के उद्देश्य, प्रस्तावित कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान, शिक्षा एवं साक्षरता जागरूकता, स्वास्थ्य, पोषण एवं सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जनजागरूकता जैसी गतिविधियाँ संचालित की जाएंगी।

#### शिक्षकों एवं ग्रामवासियों का सहयोग

इस अवसर पर सहयोगी प्राध्यापक डॉ. निर्झरणी नंदेहा, डॉ. ज्योति बाला, डॉ. श्रुति वर्मा, डॉ. ओम कुमार नेताम सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी ने शिविर को सफल बनाने हेतु सहयोग का आश्वासन दिया। सामाजिक उत्थान की दिशा में सार्थक पहल ग्राम मौहाभाठा में आयोजित यह सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर ग्रामीण विकास, सामाजिक समरसता और युवाओं में राष्ट्रसेवा की भावना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सराहनीय एवं प्रेरणादायक पहल सिद्ध होगा।

---

## किसानों के धान पंजीयन में सुधार के लिए स्पष्ट निर्देश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| परपोड़ी

राज्य में समितियां के माध्यम से धान बेचने वाले किसानोंको विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । अब इसके लिए छत्तीसगढ़ शासन की कृषि एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने 7 जनवरी के पत्र क्रमांक 23 / एफ 3 /19 / विविध / 2021 /की 14-2 में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं ।

- कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने समितियों के माध्यम से धान बेचने वाले किसानों के लिए नई गाइडलाइन दी

इसकी प्रतिलिपि, सचिव, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता संरक्षण विभाग, सचिव राजस्व एवं प्रबंधन विभाग, सचिव सहकारिता विभाग, संचालक कृषि विभाग, प्रबंध संचालक राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ ( मार्कफेड) राज्य सूचना अधिकारी, राष्ट्रीय सूचना विकास केंद्र एवं समस्त जिला के कलेक्टरों को जारी किया गया है । पत्र में राजस्व विभाग के अधिकारियों /पटवारी द्वारा भौतिक सत्यापन के बाद विवरण संशोधन 7 जनवरी द्वारा 26 तक समस्त समिति के लॉगिन में किया जा सकता है ।

इसके अलावा किसानों के खसरा, रकबा, कैरी फॉरवार्ड, फसल विवरण की प्रविष्टि, नवीन पंजीयन, रकबा संशोधन का निरंतर अनुरोध किया जा रहा है । एकीकृत किसान पोर्टल में समस्त समितियों में समिति लॉगिन का प्रावधान किया जा रहा है।

पत्र के अनुसार अधीनस्थों को निर्देश करने की सूचना दी गई है । जिसमें समय सीमा कैरी फॉरवार्ड, दिनांक 15 जनवरी 2026 तक, सभी प्रकार के संशोधन 15 जनवरी 2026 तक, त्रुटि पूर्ण आधार के प्रकरण में पूर्व पंजीयन निरस्त कर नवीन पंजीयन 15 जनवरी 2026तक एवं राजस्व विभाग द्वारा की गई गिरदावरी एवं भौतिक सत्यापन के आधार पर जिला कलेक्टर की अनुशंसा पर नवीन पंजीयन 15 जनवरी 2026 तक किया जा सकता है।

---

## लेंजवारा समिति में क्षमता से 4 गुना ज्यादा धान जाम

**बेरला।** ब्लॉक बेरला क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सेवा सहकारी समिति मर्यादित लेंजवारा पंजीयन क्रमांक 387 में इस वर्ष धान की रिकॉर्ड आवक के बीच प्रबंधन के सामने भंडारण का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। समिति के पास उपलब्ध स्टॉक निर्धारित 'बफर लिमिट' से चार गुना अधिक हो चुका है, जिसके कारण अब फड़ पर तिल रखने की भी जगह नहीं बची है। यदि शीघ्र ही धान का उठाव (परिवहन) नहीं किया गया, तो आगामी दिनों में किसानों से धान की खरीदी पूरी तरह बाधित हो सकती है।

समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए यहाँ 1328.28 हेक्टेयर रकबा पंजीकृत है, जिसके तहत लगभग 60,000 क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। 15 नवंबर 2025 से शुरू हुई खरीदी के बाद से अब तक 35,228.40 क्विंटल धान खरीदा जा चुका है। वर्तमान में समिति के फड़ पर 27,626.40 क्विंटल धान खुले आसमान के



नीचे रखा हुआ है, जबकि शासन द्वारा निर्धारित बफर लिमिट मात्र 7,200 क्विंटल है। यानी समिति की क्षमता से लगभग चार गुना ज्यादा धान फिलहाल परिसर में मौजूद है।

#### परिवहन न होने से बढ़ी परेशानी

समिति प्रबंधन का कहना है कि धान का उठाव समय पर न होने के कारण खरीदी फड़ पूरी तरह भर चुका है। कमी के कारण अब नया धान उतारना संभव नहीं हो पा रहा है। इससे न केवल खरीदी प्रभावित हो रही है, बल्कि खुले में रखे धान के रखरखाव और सुरक्षा की चिंता भी बढ़ गई है।

#### प्रशासन से शीघ्र परिवहन की मांग

समिति ने जिला विपणन अधिकारी और संबंधित विभाग को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि किसानों की सुविधा और खरीदी व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए धान का त्वरित परिवहन कराया जाना अनिवार्य है। किसानों में भी इस बात को लेकर चिंता है कि यदि खरीदी बंद हुई तो वे अपना धान कहाँ ले जाएंगे। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर स्थिति पर कब तक संज्ञान लेता है और कब से मिलर्स या संग्रहण केंद्रों के लिए धान का उठाव शुरू होता है।

---

## एसएसपी का सिटी कोतवाली में औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने बुधवार थाना सिटी कोतवाली का औचक निरीक्षण कर पुलिसिंग की ज मी नी ह की क त परखी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बंदी गृह, महिला डेस्क, सीसीटीएनएस कक्ष, विवेचक कक्ष, मालखाना सहित संपूर्ण थाना परिसर का गहन अवलोकन किया तथा अधिकारियों-कर्मचारियों को अनुशासनबद्ध, संवेदनशील एवं परिणामोन्मुखी पुलिसिंग के निर्देश दिए।

- अपराध नियंत्रण व हाईटेक पुलिसिंग पर सख्त निर्देश

एसएसपी ने अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवाओं एवं अन्य अवैध गतिविधियों में लिप्त तत्वों के खिलाफ कठोर और निरंतर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही थाना स्तर पर लंबित अपराध, मर्ग, गुम इंसान एवं



लंबित शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने समयबद्ध मामलों में 60 से 90 दिनों के भीतर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत करने के स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि विवेचना की गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए।

तलाशी व जब्ती की कार्रवाई के दौरान फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी को अनिवार्य बताते हुए निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसएसपी साहू ने विजिबल पुलिसिंग को बढ़ावा देने, रात्रि गश्त, पेट्रोलिंग, कॉम्बिंग गश्त, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं गोवंश तस्करी पर सख्त नियंत्रण के निर्देश दिए। "सशक्त एप" के माध्यम से वाहनों की चेकिंग को प्रभावी बनाने, त्रिनयन एप, सायबर प्रहरी अभियान तथा स्मार्ट एवं हाईटेक पुलिसिंग को मजबूती देने पर जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान कम्यूनिटी पुलिसिंग को अपराध नियंत्रण का मजबूत आधार बताते हुए "हमर पुलिस हमर बजार" एवं "हमर पुलिस हमर गांव" अभियान के तहत बाजारों, ग्रामों, स्कूल-कॉलेजों में जन-जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बीट प्रभारियों को क्षेत्र में निरंतर भ्रमण कर स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित करने, मजबूत सूचना तंत्र विकसित करने तथा निगरानी बदमाशों, आदतन अपराधियों पर पैनी नजर रखने को कहा। एसएसपी ने म्यूल अकाउंट धारकों, ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, साइबर क्राइम एवं सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई और जन-जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए।

उन्होंने नए लागू तीन आपराधिक कानून- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम- के प्रभावी क्रियान्वयन को प्राथमिकता बताते हुए कहा कि इससे न्याय प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और तकनीकी रूप से सुदृढ़ होगी। औचक निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक मयंक मिश्रा सहित थाना के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

## गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई द्वारा गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के गरिमामय, सुव्यवस्थित एवं सफल आयोजन हेतु सभी संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। इसके तहत जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन 26 जनवरी को प्रातः 9 बजे जिला मुख्यालय बेमेतरा के बेसिक स्कूल मैदान में किया जाएगा, जहां ध्वजारोहण, राष्ट्रगान एवं परेड सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे निर्धारित समय पर समारोह स्थल पर उपस्थित रहकर सौंपे गए दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन सुनिश्चित करें।

- जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस
- कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

गणतंत्र दिवस समारोह के अंतर्गत कार्यक्रम के संचालन एवं समन्वय की जिम्मेदारी अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बेमेतरा को सौंपी गई है। समारोह में जिला पुलिस बल, विशेष बल, होमगार्ड, एनसीसी एवं स्काउट-गाइड द्वारा परेड एवं मार्च-पास्ट का आयोजन किया जाएगा, जिससे राष्ट्रीय पर्व की गरिमा और अनुशासन का प्रदर्शन होगा। इसके साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं जिले की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने वाली झांकियों का आकर्षक प्रदर्शन किया जाएगा।

समारोह स्थल पर मंच निर्माण, बैठक व्यवस्था, अतिथि स्वागत, टेंट, फर्नीचर, ध्वनि एवं प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य तकनीकी व्यवस्थाओं का दायित्व संबंधित विभागों को सौंपा गया है, ताकि कार्यक्रम सुचारु रूप से संपन्न हो सके। स्वच्छता, पेयजल, साफ-सफाई एवं परिसर को सुव्यवस्थित बनाए रखने की जिम्मेदारी नगर पालिका परिषद को दी गई है। वहीं फूल-माला, बुके एवं सजावट की व्यवस्था महिला एवं बाल विकास विभाग तथा उद्यानिकी विभाग के माध्यम से सुनिश्चित की जाएगी। गणतंत्र दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का विशेष आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। इन कार्यक्रमों के सफल आयोजन की जिम्मेदारी शिक्षा विभाग, आदिवासी विकास विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग को दी गई है। इसके अतिरिक्त उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करने की व्यवस्था भी की गई है।

समारोह के दौरान फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी की जिम्मेदारी आबकारी विभाग एवं जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय को सौंपी गई है, जबकि मीडिया समन्वय एवं प्रेस विज्ञप्तियों के प्रकाशन का कार्य भी इसी कार्यालय द्वारा किया जाएगा। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए हैं कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी शासकीय कार्यालयों, सार्वजनिक संस्थानों एवं प्रमुख स्थलों पर राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण नियमानुसार एवं सम्मानपूर्वक किया जाए। जिला प्रशासन ने सभी विभागों से आपसी समन्वय एवं अनुशासन बनाए रखते हुए समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण करने का आह्वान किया है, ताकि गणतंत्र दिवस समारोह जिले में पूर्ण गरिमा, शांति एवं उत्साह के साथ संपन्न हो सके। साथ ही आम नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित होकर राष्ट्रीय पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाएं।

---

## बैठक में सामाजिक एकजुटता और सनातन धर्म के संरक्षण पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गंडई पंडरिया

स्थानीय वार्ड 5 स्थित सामुदायिक भवन में सोमवार को उत्कृष्ट सामाजिक संगठन समग्र ब्राह्मण परिषद् छत्तीसगढ़ की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन ब्राह्मण समाज में सैद्धांतिक एवं उद्देश्यात्मक रूप से एकरूपता लाने और सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करने किया गया था। बैठक की शुरुआत भगवान श्री परशुराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पूजन के साथ हुई। ब्राह्मण समाज की मातृशक्ति ने रायपुर से आए प्रदेश प्रतिनिधियों का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष डॉ. भावेश शुक्ला पराशर और प्रदेश संयोजक पं. रामानुज तिवारी ने कहा कि वर्तमान में ब्राह्मण समाज को वैचारिक रूप से एक होने की आवश्यकता है। वक्ताओं ने विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि समाज के हर वर्ग को धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए आगे आना होगा। सामाजिक कार्यों में आपसी सहमति और पूर्ण सहयोग का आह्वान किया गया।



#### सामाजिक जागरूकता के कार्य

मातृशक्ति परिषद् की जिलाध्यक्ष डाली तिवारी एवं जिला प्रभारी उमा चौबे ने बताया कि संगठन जमीनी स्तर पर सामाजिक चेतना जगाने का कार्य कर रहा है। बैठक में गंडई ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पं. गोपाल प्रसाद तिवारी, प्रांत प्रमुख मातृशक्ति प्रमिला तिवारी, दुर्ग संभाग मीडिया प्रभारी नूपुर तिवारी, पं. गौकरण शर्मा, पं. कमलेश दुबे सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे। संचालन पं. रमेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर कालिंदी उपाध्याय, सीमा दुबे, भारती शर्मा, संध्या उपाध्याय, प्रीति तिवारी, पं. श्रीकांत तिवारी, अंजू पांडेय, राखी तिवारी, आरती तिवारी, मृदुला त्रिपाठी सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

---

### किसान संघ ने बैठक कर बनाई रणनीति, सांसद और विधायकों को सौंपा जाएगा ज्ञापन

# अवैध वसूली व अन्य मांगों को लेकर होगा किसान आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

धान खरीदी केन्द्रों में मजदूरी के नाम से अवैध वसूली एवं अन्य मांगों को लेकर आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। सोमवार को छुरिया में प्रदेश किसान संघ ने बैठक कर इस हेतु रणनीति बनाई।

बैठक में किसानों की मांगों पर शासन-प्रशासन के उदासीन रवैये पर रोष प्रकट किया गया, जहां खरीदी केन्द्रों में मजदूरी के नाम पर अवैध वसूली लगातार जारी होने की बात किसानों ने बताई। वहीं पंजीयन एवं टोकन को लेकर हजारों किसान आज भी खाद्य विभाग, राजस्व विभाग एवं सोसायटी के चक्कर काट रहे हैं। इस बाबत बस स्टैंड एवं तहसील कार्यालय छुरिया में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया व इसे तत्काल रोकने किसान संघ ने चेतावनी दी है। साय सरकार किसानों के स्वाभिमान को ठेस पहुंचाने वाली न फोटोग्राफी रोक रही है न समर्थन मूल्य बढ़ोत्तरी का लाभ किसानों तक पहुंचा रही है। बैठक में सुदेश टीकम, मोतीलाल सिन्हा, साधूराम धुर्वे, विनायक मंडावी, मदन साहू, दिलीप कुमार, चंदू साहू, रूपेश सोनवानी, ललिता कंवर, नरेन्द्र मंडावी, नंदकुमार गोंडिया, प्रदीप वर्मा, डाकेश्वर पाल, मगन देवांगन, गैंद साहू, जगन्नाथ निषाद, शंकर यादव, रामस्वरूप पुजारी, जगन्नाथ मंडावी, तीजूराम कोर्राम सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।



#### 20 को चिचोला में किसान सभा और चक्काजाम

20 जनवरी को उपरोक्त मुद्दों के समर्थन में चिचोला (छुरिया मोड़) में किसान सभा का आयोजन किया जाएगा। बचे हुए सभी किसानों का धान बिकवाने रणनीति तैयार की जाएगी। आयोजन दिनांक तक मांगों पर न्यायपूर्वक कार्रवाई नहीं होने पर जीई रोड में चक्काजाम किसान सभा के पश्चात की जाएगी। प्रदेशभर से प्रतिनिधि इसमें शामिल होंगे। आंदोलन को आगे बढ़ाने प्रति परिवार 01 किलो चावल एवं इच्छानुसार आर्थिक योगदान करने की अपील प्रदेश किसान संघ ने की है।

#### अभियान का होगा आगाज

किसान प्रतिनिधियों ने सांसद व विधायकों से मजदूरी के नाम से चल रही अवैध वसूली रूकवाने की अपील की है। साथ ही अब तक वसूली गई रकम किसानों को वापस दिलाने का आग्रह भी किया है। सोसायटियों को सरकार द्वारा प्रासंगिक व्यय प्राप्त होने के बावजूद प्रति कट्टा 6 से 8 रुपए की अवैध वसूली किसानों से की जा रही है। जन दबाव बनाने हस्ताक्षर अधियान चलाकर सांसद व विधायकों को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया है। गांव-गांव, हाट बाजार, खरीदी केन्द्रों में हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा।

---

## पेज 9 के शेष

### उधारी विवाद में...

आरोपियों ने स्वीकारा अपराध, भेजे गए रिमांड पर मामले में थाना खम्हरिया पुलिस ने धारा 296, 351(3), 118(1), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं एसडीओपी बेमेतरा कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई। विवेचना के दौरान दोनों आरोपियों ने अपराध स्वीकार किया। पुलिस ने भुवन पाल उर्फ दादु पाल (20 वर्ष) एवं अमर पाल उर्फ बड़े दादु (22 वर्ष) दोनों निवासी वार्ड क्रमांक 15, थान खम्हरिया को 05 जनवरी 2026 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, प्रधान आरक्षक अजय लहरे, आरक्षक मुकेश कुमार चंद्रवंशी, सौरभ सिंह, लेखराम सिन्हा, रमन चंद्राकर सहित थाना खम्हरिया के समस्त पुलिस स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### स्थापित सभी सोलर...

यह आवश्यक है कि पंप स्थापना से पूर्व जलस्तर, बोरवेल की क्षमता एवं क्षेत्र की वास्तविक आवश्यकता का समुचित आंकलन किया जाए। **पात्र किसानों को समय पर दिलाएं लाभ:** कलेक्टर ने योजना के अंतर्गत पात्र किसानों को समय पर लाभ दिलाने, प्रक्रियाओं में पारदर्शिता बनाए रखने तथा हितग्राहियों को योजना की जानकारी देने के लिए ग्राम स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिए। साथ ही उन्होंने संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने पर जोर दिया। बैठक में कृषि, ऊर्जा एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे और उन्होंने योजना की प्रगति से अवगत कराते हुए आगामी कार्ययोजना प्रस्तुत की।

## खबर संक्षेप

### एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र वालीबॉल प्रतियोगिता का चयन आठ को

**भिलाई।** एलॉय इस्पात संयंत्र द्वारा एसपीएसब अंतर इस्पात संयंत्र वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन एएसपी स्टेडियम, ए-जोन, स्टील टाउनशिप में 15 से 17 जनवरी तक किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम का चयन क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा की जा रही चयन स्पर्धा के माध्यम से किया जाएगा। चयन स्पर्धा का आयोजन 8 जनवरी को शाम 6:30 बजे से बीएसपी के वालीबॉल ग्राउंड, पंत स्टेडियम, सेक्टर-1 में किया जाएगा। बीएसपी कार्मिक, उनके परिवारजन और परिधीय क्षेत्र के बेरोजगार युवा खिलाड़ी इस चयन स्पर्धा में भाग ले सकते हैं। चयन स्पर्धा में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी अपना पंजीयन 6 बजे तक चयनकर्ता दीपक मित्रा अजय कुमार सोनी व ख्वाजा अहमद के पास करवा सकते हैं। प्रभारी उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक होंगे।

### नहीं रहे पूर्व भाजयुमो अध्यक्ष अनिल मिश्रा

**भिलाई।** भारतीय जनता युवा मोर्चा भिलाई के पूर्व जिलाध्यक्ष व वरिष्ठ नेता अनिल मिश्रा (अन्नू) नहीं रहे। उनका मंगलवार को सुबह 5 दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार दोपहर रामनगर मुक्तिधाम में गमगीन माहौल में किया गया। जिला भाजपा सहित व्यवसायियों ने पार्टी में उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है।

स्मृतिनगर निवासी भाजयुमो भिलाई के पूर्व अध्यक्ष अनिल मिश्रा का 57 वर्ष की आयु में सुबह 5 बजे ह्दयगति थम जाने से निधन हो गया। वे विवेकानंद युव समिति के संरक्षक और सेक्टर 6 व्यापारी संघ के पूर्व सहसचिव के साथ विभिन्न संगठनों से जुड़े थे। वे आकाश मिश्रा के पिता और अविनाश मिश्रा के चाचा थे। उनका अंतिम संस्कार दोपहर मुक्तिधाम में शोकाकुल माहौल में किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं व व्यवसायायी आदि कई लोग शामिल हुए। दो दशक पूर्व भाजयुमो अध्यक्ष रहे स्व. मिश्रा ने पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय, पूर्व सांसद सरोज पांडेय और पूर्व विधायक विद्यारतन भसीन आदि वरिष्ठ नेताओं के साथ संगठन को मजबूत करने मे महती योगदान दिया।

### बीएसपी में सड़कों की करें मरम्मत

**भिलाई।** भिलाई इस्पात मजदूर संघ के पदाधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को भिलाई इस्पात संयंत्र के सीजीएम श्री सतपति से मुलाकात कर संयंत्र में सुरक्षा को मजबूत करने की मांग की। सड़कों की मरम्मत और जाम की समस्या के जल्द समाधान करने कहा। बैठक में यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि एचआरडीसी के बाजू में बाइक स्टैंड में रखने के बाद ठेका श्रमिकों एवं सुपरवाइजर के द्वारा पैदल अपोजिट दिशा में आने से जो संयंत्र के अंदर कार्मिक कार्य एवं बाइक से प्रवेश कर रहे हैं उस समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है। ठेका श्रमिकों को आउट गेट के एक गेट से पैदल प्रवेश दिये जाने से सुविधा होगी। उप महासचिव हरिशंकर चतुर्वेदी ने कहा कि संयंत्र के गेट के बाहर स्थिति और कठिन होते जा रही है।

### देवरबीजा जोन के शिक्षकों का पांच दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण बेरला में जारी

# निपुण भारत मिशन के लक्ष्य हासिल करने पर जोर गतिविधि आधारित शिक्षण पर विशेष फोकस



हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा

विकासखंड बेरला के अंतर्गत देवरबीजा जोन के प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के लिए पांच दिवसीय आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक दक्षता प्रशिक्षण जारी है। यह आयोजन बेरला में किया जा रहा है। प्रशिक्षण निपुण भारत मिशन के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए है, जिसका मुख्य लक्ष्य कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों में पढ़ने, लिखने और गणित की मजबूत नींव तैयार करना है।

प्रशिक्षण के तृतीय दिवस का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर सुरेन्द्र पटेल, बीआरसी आर.के. निषाद, मास्टर ट्रेनर जलेश कुमार जांगड़े, सीएसी तिवरैया, धरम कुमार रजक एवं विजय साव अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की उपस्थिति रही। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों द्वारा एफएलएन के चार प्रमुख ब्लॉक पठन, लेखन, संख्यात्मक दक्षता एवं भाषा कौशल को सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक रूप से समझाया गया। मास्टर ट्रेनर जलेश कुमार जांगड़े ने पठन ब्लॉक के अंतर्गत ध्वनि जागरुकता, अक्षर ज्ञान, प्रवाहपूर्ण वाचन एवं समझ आधारित पढ़ाई पर गतिविधि आधारित प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि नियमित पठन अभ्यास बच्चों की भाषा विकास की नींव को मजबूत करता है। उन्होंने एफएलएन के उद्देश्य, निपुण लक्ष्य एवं कक्षा-स्तर अनुसार अपेक्षित अधिगम परिणामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "यदि शिक्षक गतिविधि आधारित शिक्षण अपनाते हैं, तो बच्चों में पढ़ने, लिखने और गणित की नींव सुदृढ़ होती है। सीएसी तिवरैया ने एफएलएन के क्रियान्वयन में शैक्षणिक सहयोग की भूमिका स्पष्ट करते हुए कहा कि "यह केवल एक योजना नहीं, बल्कि बच्चों के भविष्य की आधारशिला है। धरम कुमार रजक ने कक्षा-कक्ष के व्यावहारिक अनुभव साझा करते हुए स्थानीय परिवेश, खेल, समूह कार्य एवं सहपाठी अधिगम को प्रभावी शिक्षण का महत्वपूर्ण माध्यम बताया तथा कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। विजय साव ने भाषा एवं गणित शिक्षण में पठन, लेखन, संख्याबोध एवं समस्या समाधान को एफएलएन का मूल आधार बताते हुए कहा कि "बच्चों की सोच, समझ और अभिव्यक्ति को महत्व देने से सीखना स्थायी बनता है।" इस अवसर पर देवरबीजा जोन के समस्त शिक्षक, सीआरसी सदस्य एवं शैक्षणिक सहयोगी उपस्थित रहे।

#### सतत अभ्यास, मूल्यांकन और नवाचार से ही अपेक्षित परिणाम

सुरेन्द्र पटेल ने कहा कि "एफएलएन प्रशिक्षण वर्तमान शिक्षा व्यवस्था की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यदि बच्चों की नींव मजबूत होगी तो आगे की शिक्षा स्वतः सशक्त होगी।" बीआरसी आर.के. निषाद ने कहा कि "एफएलएन केवल योजना नहीं, बल्कि शिक्षकों के माध्यम से बच्चों के भविष्य निर्माण की प्रक्रिया है। सतत अभ्यास, मूल्यांकन और नवाचार से ही अपेक्षित परिणाम सामने आएंगे। प्रशिक्षण के दौरान समूह कार्य, रोल प्ले, चर्चा, शिक्षण सहायक सामग्री का प्रयोग, पाठ्यपुस्तक एवं अभ्यास पुस्तिका पर अभ्यास तथा सतत मूल्यांकन की प्रक्रिया पर भी विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। शिक्षकों ने प्रशिक्षण को उपयोगी, व्यवहारिक एवं कक्षा-कक्ष में सीधे लागू करने योग्य बताया।

# नांदघाट सेवा सहकारी समिति नांदघाट में निर्धारित लक्ष्य के 50 प्रतिशत की खरीदी पूर्ण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांदघाट

सेवा सहकारी समिति द्वारा इस वर्ष के तय लक्ष्य का लगभग 49% खरीदी की जा चुकी है । और अभी भी 1000 किसानों का धान खरीदी शेष है जबकि पहले 1836 क्वीं प्रतिदिन के लिमिट को बढ़ाकर 2173 क्वीं प्रतिदिन किया गया है । उसके बाद भी बचे समय में 6 दिन का अवकाश हटाने के बाद इस सीजन में 19 कार्य दिवस ही शेष हैं। और अभी भी हजार किसानों से धान की खरीदी की जानी है।

वर्तमान में तय लक्ष्य 110000 क्वींटल में से 52333.60 क्विंटल खरीदी हो चुकी है । जिसमें 10811 क्वीं मोटा और 140522.40क्विंटल पतला धान अर्जित किया गया है। जिसमें से 22800 क्विंटल धान का उठाव हो गया है । फड़ में अभी 29533 क्विंटल धान बाकी है । जिसके लिए 8-10 गाड़ी प्रतिदिन लोड भी हो रही है। इसी तरह 9 करोड़ 73 लाख 54142.77रुपए का भुगतान किसानों को किया जा चुका है । और समिति ने सदस्य किसानों के 2 करोड़ 52 लाख 64705 ऋण की अदायगी भी करा ली है। अब तक वंचित किसान भी निश्चिंत होकर आ रहे हैं।

किसान अर्जुन घृतलहरे ने बताया कि किसानों को विष्णुदेव साय और खाद्य मंत्री पर पूर्ण विश्वास है कि थोड़ा आगे पीछे जरूर होगा लेकिन अन्नदाताओं का तय धान सरकार खरीदी करेगी ही। वहीं अध्यक्ष मनीष जयसवाल ने समिति के सदस्य कृषकों कर्मचारियों हमालों के अथक परिश्रम से शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ती का विश्वास प्रगट किया है।

# प्रशिक्षणार्थियों का औद्योगिक व शैक्षणिक भ्रमण व्यावहारिक ज्ञान और व्यक्तित्व विकास पर जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

■ भव्य सृष्टि उद्योग में बांस आधारित उत्पादों और स्वरोजगार की संभावनाओं की जानकारी

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान एवं व्यक्तित्व विकास के उद्देश्य से भव्य सृष्टि उद्योग, कठिया एवं मानव तीर्थ, तीरथगढ़ का औद्योगिक एवं शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने भव्य सृष्टि उद्योग, कठिया में बांस से निर्मित विभिन्न उपयोगी उत्पादों की निर्माण प्रक्रिया को नजदीक से देखा। साथ ही बांस के कचरे से तैयार किए जाने वाले नवाचार आधारित उत्पादों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर प्रशिक्षार्थियों को बांस आधारित उद्योगों में स्वरोजगार एवं उद्यमिता की संभावनाओं से भी अवगत कराया गया।

इसके पश्चात प्रशिक्षणार्थियों का भ्रमण मानव तीर्थ, तीरथगढ़ में कराया गया, जहाँ उन्हें अपने अंतर्निहित गुणों के विकास, मानव हित में कार्य करने की भावना तथा सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने हेतु प्रेरक व्याख्यान दिया गया। मानव तीर्थ में जीवन को जमीन से जोड़े रखने की कला पर भी विस्तार से चर्चा की गई। भ्रमण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न प्रकार की कृषि संबंधी औषधीय पौधों, वनस्पतियों एवं मसालों के रोपण एवं संरक्षण की विधियों की जानकारी दी गई। उक्त औद्योगिक भ्रमण हेतु समाधान महाविद्यालय द्वारा बस व्यवस्था कर सराहनीय सहयोग प्रदान किया गया। भ्रमण का नेतृत्व जी.पी. बर्मा, प्रशिक्षण अधिकारी (संविदा) द्वारा किया गया। इस अवसर पर ऋतु, प्रशिक्षण अधिकारी, प्रभा बिरंजन, प्रशिक्षण अधिकारी तथा खुमान डाहीरे, प्रशिक्षण अधिकारी (मेह प्रवक्ता) की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रशिक्षणार्थियों ने इस भ्रमण को अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी बताया तथा भविष्य में ऐसे और औद्योगिक एवं शैक्षणिक भ्रमण आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

# दया और परोपकार मनुष्यता का श्रेष्ठ गुण है : लखन लाल जंघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ साजा

■ गांव-गांव की मंडलियों ने लोक शैली में प्रस्तुत किए भक्ति गीत और रामायण की कथाएं

लोक शैली की सुमधुर गायन वादन और मानस की सरस व्याख्या के लोक सांस्कृतिक अनुष्ठान नवधा रामायण सम्मेलन नगर पंचायत साजा में श्री हनुमान चालीसा पाठ एवं मानस परिवार द्वारा चार दिवसीय नवधा रामायण सम्मेलन का आयोजन दुर्गा मंच बाजार चौक साजा में किया गया है। इसके अंतिम और चतुर्थ दिवस का मानस गान लोक शैली में प्रस्तुत की जा रही है।

लोक परंपरा के इस आयोजन में गांव-गांव की मंडलियां छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से नगर पंचायत साजा में मानस गंगा की अविरल धारा को प्रवाहित करने में अपना योगदान सुनिश्चित कर रही हैं।

आयोजकों द्वारा एक-एक घंटे का समय मानस मंडलियों को दी जा रही है, ताकि वे अपने गायन-वादन से दर्शन-श्रोताओं को भावविभोर कर सकें। लोक संस्कृति कर्मी एवं जनजाति शोधार्थी राम कुमार वर्मा ने बताया कि चोथे दिवस में सहभागिता करने वाली मंडलों द्वारा लोक शैली, कायाखंडी भजन और नवधा रामायण की प्राचीन शैली में बुजुर्गों द्वारा





मानस गान संगीत वाद्य यंत्रों के साथ बेहद रोचक शैली में प्रस्तुत की जा रही है। इससे दर्शक श्रोता प्रातःकाल से लेकर देर रात्रि तक मंत्रमुग्ध होकर अपने में आध्यात्मिक जागृति लाने का प्रयास कर रहे हैं। धनोरा कबीरधाम जिले के व्याख्याकार लखन लाल जंघेल ने परोपकार और दया को मनुष्य का श्रेष्ठ गुण-धर्म बताते हुए कहा कि इस मृत्यु लोक से यमपुर जाने के लिए राम नाम रपी टिकट कटा लेने की जरूरत है अर्थात अपने सभी दैनिक कार्यों को राममम बनाते हुए श्रेष्ठ जीवन से लिए श्रोताओं को प्रेरणा दी गई।

मानस पंक्तियों की व्याख्या के दरमियान तुलसी पत्र, गंगाजल आदि के महत्व को स्पष्ट करते हुए नर और नील द्वारा दुर्वासा ऋषि से अभिशप्त होने के बाद उनके हाथों फेंके गए पत्थरों के पानी में ने डुबने का लाभ लेते हुए राम द्वारा सेतु बंधु रामेश्वर बांध बनाए जाने की चर्चा की गई। साथ ही राम नाम से तन, मन, कर्म पवित्र करने और कर्म की शुद्धि पर विशेष ध्यान देने की अपील मानस टीकाकार द्वारा की गई है। जन सहयोग से आयोजित इस चार दिवसीय नवधा सम्मेलन में स्थानीय दानदाताओं द्वारा सभी मंडलियों को सद्ग्रंथ, नगद राशि, श्रीफल एवं प्रोत्साहन राशि सभी मंडलों को प्रदान की जा रही है।

#### इनकी रही सहभागिता

इस आयोजन में नगर पंचायत अध्यक्ष हिमांशु वर्मा सहित हनुमान चालीसा पाठ के सदस्य वीरेंद्र निषाद, अजय यादव, सागर निर्मलकर, यशवंत शर्मा, दीपक, सुनील राजपूत, दीपक जायसवाल, दीपक वर्मा, गजेंद्र साहू, नानू सिन्हा, नमन साहू, आकाश ताम्रकार, लक्की सिन्हा भूपेंद्र सोनी, पवन सिन्हा एवं मंच संचालन में रामाधार पटेल व किशन साहू सक्रियता से सहयोग कर रहे है।

**आम नागरिकों को कुत्तों के काटने या हमले की त्वरित राहत 24 घंटे में होगी उपलब्ध**

# परपोड़ी में घुमंतू कुत्तों की समस्या से निपटने नोडल अधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परपोड़ी

■ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परपोड़ी में वैक्सीन सुविधा और बचाव के निर्देश जारी

नगर में घुमंतू कुत्तों से संबंधित समस्या के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इन्हें आम नागरिकों को कुत्ते से होने वाली समस्या का निदान 24 घंटे के अंदर करना है। ज्ञात हो कि नगर एवं आसपास के 50 गांव में प्रतिवर्ष कुत्तों के काटने या घायल करने के 150 से 200 मामले शासकीय अस्पताल में दर्ज होते है। इस प्रकार 1 माह में 10 से 15 लोग कुत्तों के हमले से घायल होते है। अब इन मामलों में त्वरित राहत के लिए शासन के द्वारा पहल किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार वार्ड 14 में स्थित बस अड्डे में सूचना पटल लगवाकर आवारा कुत्तों के संबंधित परेशानी का निदान करने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है जिसका नाम आशीष पटेल है। निदान के लिए 1100 का नंबर भी दिया गया है। इससे संबंधित समस्या में त्वरित राहत मिलेगा ।

#### घायल का इलाज 12 घंटे में अनिवार्य करे

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परपोड़ी से आर एम ओ डॉ ऐश्वर्य कुमार साहू के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार कुत्तों के काटने पर त्वरित इलाज किया जाना चाहिए वैसे अधिकतम 12 घंटे में पीड़ित को वैक्सीन लगवा लेना चाहिए।

शासकीय अस्पताल परपोड़ी में वैक्सीन की सुविधा है। यदि किसी को कुत्ता काट देता है तो तुरंत ही उस स्थान पर साबुन लगाकर पानी से सफाई कर देना चाहिए। चोट ग्रस्त स्थान पर कपड़ा या पट्टी को बहुत अधिक कसकर नहीं बांधना चाहिए। चोटिली जगह पर अन्य कोई दवाई आदि नहीं लगाना चाहिए । डॉ साहू के अनुसार अधिकांश मामलों में माद्दा स्वान के बच्चों को यदि खतरा हो तो ही तभी वह हमला करती है। पूर्व में भटगांव और गाड़ाडीह में पागल कुत्तों को काटने से अप्रिय घटना हो चुकी है।

#### क्या कहते हैं अधिकारी

कुत्तों के नोडल अधिकारी नियुक्त किया है जिसे नगर के रहवासियों को कुत्तों से होने वाली अप्रिय घटना से बचाया जा सके। पशु चिकित्सालय द्वारा कुत्तों का टीकाकरण कराया जा रहा है।

\- विनीत कुमार सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, परपोड़ी
















### 36 वर्षों की सेवा के बाद बीएल युवने को दी गई भावभीनी विदाई

**साजा।** लोक निर्माण विभाग साजा के स्थल सहायक बी एल युवने को आज सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गई कार्यालय में आयोजित समारोह में एसडीओ सागर साहू सब इंजीनियर संदीप शर्मा दीपक वर्मा अनिल सोनी जीपी पिपरिया लालचंद सुमित शर्मा राम सिंग जलेश्वर साहू केशव वैष्णव सहित विभाग के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे विदाई समारोह में सेवानिवृत्ति युवने ने अपने सेवा कार्यकाल में 36 साल के कुछ महत्वपूर्ण पल को याद करते हुए कहा कि विभाग से उन्हें हमेशा प्यार मिला जिसके चलते उन्होंने एक लंबा पड़ाव बिना विवाद के पार किया जिसके लिए वह सभी के आभारी है अंत में विभाग की ओर से अपने कर्मचारियों को शाल श्रीफल बैठकर सम्मानित किया गया।